हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–223 : जौनपुर, शनिवार 11 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के हाथों पुरस्कार पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : केंद्रीय शिक्षा, कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 89 वें संस्थापक सप्ताह समारोह के मंच से विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान छात्रों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन भी दिया।

मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों का स्वागत महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह एवं आभार ज्ञापन दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने किया। समापन समारोह में लगभग 700 से अधिक छात्र–छात्राओं को नकद पुरस्कार, प्रमाणपत्र एवं सील्ड मिले।

समारोह में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रताप सिंह, सदर सांसद रवि किशन शुक्ला,प्रो जेपी पांडेय, कुलपति,मदन मोहन मालवीय प्रौविवि के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय, महायोगी गुरू श्रीगोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल अतुल वाजपेयी,डॉ रामजन्म सिंह, महापौर सीताराम जयसवाल, जिला पंचायत सदस्य साधना सिंह, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सदस्य चौधरी प्रमोद कुमार,प्रमथ नाथ मिश्र,राघवेन्द्र सिंह, विधायक शीतल पांडेय, विमलेश पासवान,महेन्द्र पाल सिंह,महन्त रविन्द्र दास, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अन्जू चौधरी, हरि प्रकाश मिश्रा, ईपीके मल्ल, डॉ मयाशंकर सिंह, प्रो राजवन्त राव, प्रो विनोद सिंह एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के सभी संस्थाओं के शिक्षक–कर्मचारी एवं प्रमुख प्रतिभागी उपस्थित थे।

इन्हें मिले सर्वश्रेष्ठ पदक

प्रमुख पुरस्कारों में श्रेष्ठतम् संस्था का गुरु श्री गोरक्षनाथ स्वर्ण पदक महाराणा प्रताप इण्टर कालेज गोरखपुर, श्रेष्ठतम् कर्मचारी का योगिराज बाबा ब्रह्म नाथ स्वर्ण पदक सोम बहादुर दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर, श्रेष्ठतम शिक्षक का योगिराज बाबा गम्भीर नाथ स्वर्ण पदक डॉ कमलेश कुमार मौर्य दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर, स्नातकोत्तर कक्षाओं में श्रेष्ठतम विद्यार्थी का ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ स्वर्ण





पदक महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ गोरखपुर के एमएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सुजीत कुमार को, स्नातक कक्षाओं में श्रेष्ठतम विद्यार्थी का ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्वर्ण पदक श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखनाथ मन्दिर गोरखपुर के शास्त्री तृतीय वर्ष के छात्र शशांक पांडेय एवं माध्यमिक वर्ग के श्रेष्ठतम विद्यार्थी का महाराणा मेवाड़ स्वर्ण पदक महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स गोरखपुर की कक्षा 12 की छात्रा अर्पणा पारिक को मिला।

शोभायात्रा में शामिल विद्यालयों को भी मिले पुरस्कार

शोभायात्रा में श्रेष्ठ अनुशासन एवं पथ संचलन के पुरस्कार मिले। शोभा यात्रा का प्रथम पुरस्कार महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रामदत्तपुर गोरखपुर को द्वितीय पुरस्कार महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स गोरखपुर को तृतीय पुरस्कार महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज जंगल धूसड़ गोरखपुर को औा प्रोत्साहन पुरस्कार दिग्विजयनाथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौक बाजार महराजगंज एवं मीराबाई महिला छात्रावास गोरखपुर को मिला।

इन विद्यार्थियों को मिले स्मृति पुरस्कार

महाराणा भगवत सिंह स्मृति पुरस्कार शिवांगी सिंह, डॉ हरिप्रसाद शाही स्मृति पुरस्कार आकांक्षा चौहान, डॉ तेज प्रताप शाही स्मृति पुरस्कार मेनका गुप्ता, लक्ष्मीशंकर वर्मा स्मृति पुरस्कार अंकित जायसवाल, स्वर्गीय चौधरी विनोद कुमार स्मृति पुरस्कार आशीष दूबे, चण्डी प्रसाद सिंह स्मृति पुरस्कार विशाल यादव, स्वर्गीय राम नरेश स्मृति पुरस्कार राहुल कुमार प्रजापति,सुशीला देवी स्मृति पुरस्कार पल्लवी मिश्र, मॉ गंगदेई देवी स्मृति पुरस्कार मुर्सरत जहां ,चौधरी रामलखन स्मृति पुरस्कार अम्बिका दूबे,चौधरी कृष्णा स्मृति पुरस्कार अंजू मिश्र, पंडित बब्बन मिश्र स्मृति पुरस्कार वैष्णवी अग्रहरि को मिला।

## देश के 27 हजार शिवालयों में होगी पूजा अर्चना : मनीष शुक्ला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण से पहले ही काशी सहित प्रदेश व देश में भक्ति की बयार बह चली है , इस भव्यता व दिव्यता का साक्षी पूरा विश्व बनेगा, इतना ही नहीं उत्सव में देशभर के 27 हजार शिवालय भी शामिल होंगे, जहां धाम लोकार्पण के दौरान ही पूजा अर्चना की जाएगी , इसमें सभी ज्योतिर्लिंग मंदिर भी शामिल किए गए हैं जहां पर विशेष पूजा अनुष्ठान आयोजित किया गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला की शनिवार को "दिव्य काशी भव्य काशी" अभियान के प्रदेशव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत जौनपुर नगर दक्षिणी के चौरा माता मंदिर बलुआघाट जौनपुर पर उपस्थिति में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छता अभियान के पश्चात प्रवेश प्रदेश प्रवक्ता श्री शुक्ला हमारे जौनपुर प्रतिनिधि से वार्ता कर रहे थे । उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से काशी के पुराने गौरव की पुनर्स्थापना हो रही है। 13 दिसंबर को उनके कर कमलों द्वारा काशी विश्वनाथ धाम में बने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया जा रहा है। जिसके तहत 12 दिसंबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। श्री शुक्ला ने कहा कि मां गंगा किनारे बसी नगरी काशी सबसे प्राचीनतम नगरी में से एक हैं जिसका महत्व और व्याख्या हमारे पुराणों और वेदों में भी है। ऐसी काशी नगरी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मैं आया नहीं हूं मुझे मां गंगा ने बुलाया है और उस काशी नगरी को और भव्य एवं सुंदर बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया था, वह पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि काशी की महिमा और महत्ता समृद्ध होने जा रही है। इस



अवसर पर सभी शिवालयों में विशेष आयोजन होगा । उत्तर प्रदेश के सभी 1918 मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा , जिसमें संगठन के पदाधिकारी,स्थानीय विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने बताया कि 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में जौनपुर दक्षिणी के सभी शक्ति केंद्र के मठ, मंदिरों, आश्रमों व धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गांवों व शहर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा और 13 दिसंबर को 135 करोड़ लोगों का मन– मस्तिष्क एक साथ श्री काशी विश्वनाथ धाम से जुड़ जाएगा। इस अवसर पर जौनपुर नगर दक्षिणी अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव,श्याम मोहन अग्रवाल, जिला महामंत्री ई. अमित श्रीवास्तव,अभिषेक श्रीवास्तव, डा. कमलेश निषाद,विमला श्रीवास्तव,सीमा तिवारी,गीता बिंद, जय विजय सोनकर, मनोज तिवारी, बसंत प्रजापति,प्रदीप तिवारी,शिव कमल मौर्य, अरविंद गुप्ता, अजय सेठ, दीपक मिश्र निशाकांत द्विवेदी, संदीप जयसवाल, श्रीकांत श्रीवास्तव, राहुल निषाद, आलोक वैश्य, जगमेंद्र निषाद, ब्रह्मेश शुक्ल,जटाशंकर त्रिपाठी,रोहित मौर्य,पवन निषाद,जोगेंद्र निषाद,मुकेश योगी,सुधांशु विश्वकर्मा,अंकित गुप्ता,रोहित प्रजापति आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## वैध खनन पर निगरानी करते हुए अवैध खनन पर पूर्ण रूप से लगाया जाए विराम– प्रमुख सचिव

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रमुख सचिव खनिज डॉ रोशन जैकब वीडियो कांफ्रेंसिंग कर गोरखपुर एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में मौजूद अधिकारियों सीआरओ सुशील कुमार गौड़ सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि वैध खनन कराने के लिए सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए पट्टा कराया जाए जिससे अवैध खनन पर पूर्ण रूप से विराम लगाया जाए। खनन करते समय देखा जाए कि उक्त व्यक्ति द्वारा लिए गए पट्टे के स्थानों पर ही खनन करवा रहा है या कहीं अन्य जगह पर जिसकी निगरानी संबंधित अधिकारी व क्षेत्र की पुलिस बराबर करती रहे ताकि अवैध खनन को रोकते हुए वैध खनन से राजस्व वसूली सत प्रतिशत प्राप्ति हो सके इसके लिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनुपालन करना होगा तभी अवैध खनन पर पूर्ण रूप से विराम लग सकेगा। अवैध रेत खनन की संभावनाएं तब भी बढ़ जाती हैं जब स्टोन क्रैशर भी नदियों के पास लगे हों। कई जगहों पर स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है नदियों में खनन का तो अब तक का यही इतिहास रहा है कि जितने खनन की अनुमति ली जाती है, उससे कई गुना ज्यादा का खनन होता है। जितने खनिज, उपखनिज को निकाला जाना है व जिस जगह से निकाला जाना है। जिन तरीकों से और जिन मशीनों से निकाला जाना है, उनसे किनारों के भंडारण पर होने वाला अंतर, किनारों का कटाव, नए भूस्खलन, भू–धंसाव, भूक्षरण के संभावित क्षेत्रों का भी उल्लेख होता है। दरअसल, रेत के वैध खनन पर तो निगरानी रखनी और भी आवश्यक है, क्योंकि भारी मात्रा में अवैध खनन, कानून की ही आड़ में होता है। स्वीकृत गहराइयों से दुगनी–तिगुनी गहराइयों तक पहुंच कर रेत खनन किया जाता है। जिन चिन्हित क्षेत्रों के ए रेत खनन पट्टा होता है उनसे बाहर जाकर भी खनन होता है। ढुलाई वाहन पारपत्र पर दर्शाए गए माल से दुगना–तिगुना माल लेकर बेरोकटोक बाहर निकाले जाते हैं। वैध खनन कराते हुए बालू पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जिससे भवन स्वामियों को निर्माण कार्यों के लिए इधर–उधर भटकना न पड़े उनको आसानी से भवन सामग्रियां समय से उपलब्ध हो सके इसके लिए संबंधित अधिकारी गण अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अवैध खनन पर पूर्ण रुप से विराम लगाते हुए वैद्य खनन को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 20 सूत्री मांगों की पूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु किया गया 2 घंटे कार्य बहिष्कार

आर एल पाण्डेय लखनऊ : डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 20 सूत्री मांगों की पूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु आज 11 दिसंबर को भी प्रदेश के समस्त चिकित्सालयो में 2 घंटे कार्य बहिष्कार किया गया जिस कारण प्रदेश के समस्त चिकित्सालयों में 2 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही। लखनऊ के बड़े चिकित्सालयों बलरामपुर चिकित्सालय, सिविल अस्पताल में का प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में , लोक बंधु चिकित्सालय, बलरामपुर चिकित्सालय, राम मनोहर लोहिया सहित प्रदेश भर के समस्त बड़े चिकित्सालयों व ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सालयों में कार्य ठप्प रहा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला व महामंत्री उमेश मिश्रा ने कहा सरकार फार्मेसिस्ट की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही हैं । शासन में बैठे अधिकारी मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद भी कर्मचारी समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहे हैं एवं न ही संगठनों से वार्ता की जा रही है। उन्होंने कहा कि फार्मेसिस्टों की अनेकों मांगे जनहित से जुड़ी हुई हैं व गैर वित्तीय मांगे हैं लेकिन उच्च अधिकारियों की उदासीनता के कारण फार्मेसिस्ट संवर्ग में अत्यंत प्रदेश भर में रोष व्याप्त है । वेतन विसंगति पदनाम परिवर्तन, पदों के मानकों में संशोधन प्रभार भत्ते में संशोधन नुस्खा लिखने का अधिकार देने आदि मांगों में स्वास्थ्य मंत्री के सकारात्मक दृष्टिकोण के बाद भी शासन स्तर पर कार्यवाही नहीं




हो रही है जिस कारण मजबूर होकर फार्मेसिस्टों को औषधि वितरण, इंजेक्शन आदि कार्य को 2 घंटे बाधित करना पड़ रहा है । श्री सुनील यादव ने कहा कि शासन की उदासीनता के कारण डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। उन्होंने कहा की 16 दिसंबर तक प्रदेश के फार्मेसिस्ट 2 घंटे कार्य बहिष्कार करेंगे एवं 17 दिसंबर से प्रदेश के फार्मेसिस्ट संवर्ग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे एवं 20 दिसंबर से पोस्टमार्टम व इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर देंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से अपील की कि फार्मेसिस्टों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल शासनादेश निर्गत करने के लिए निर्देशित करने की कृपा करें अन्यथा की दशा में फार्मेसिस्टों की हड़ताल के कारण जनता को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

## तिलकधारी सिंह पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के उमानाथ सिंह मैदान में किया गया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह–आयोजन

जौनपुर सू.वि. : तिलकधारी सिंह पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के उमानाथ सिंह मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना किया गया । एक ही मंडप में लगभग 551 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ। माननीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी नियोजन गिरीश चंद्र यादव एवं राज्यसभा सांसद सीमा दृवेदी एवं मा. विधायक जफराबाद डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। मा. राज्य मंत्री जी ने कहा कि समाज में दहेज एक बडी विडंबना है। पिता को बेटी के पैदा होते ही शादी की चिंता सताने लगती थी ,लेकिन मा .मुख्यमंत्री जी ने सबकी चिंता करते हुए उन गरीब पिता की बेटियों की मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के तहत विवाह कराने की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर अन्य सरकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। मा. सांसद जी ने नवदंपतियो को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मा. मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से लगभग 551 लोंगो का घर बस पाया है। उन्होंने कहा कि बेटी बेटे में कोई फर्क नही है ,अब बेटियां परिवार के लिए बोझ नही है। गरीब बेटियो के शादी की चिंता सरकार कर रही है। उन्होंने कहा



कि कन्यादान से बडा कोई दान नही है। यह बड़ा पुनीत कार्य किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को दस हजार रुपये का सामान, 35 हजार रुपये का चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## शहीदों को नमन कर दी गयी श्रद्धांजलि



गोला डी के यू ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गोंड़ : गोला तहसील के अंतर्गत अम्बेडकर चौराहा बेवरी गोला में बाबा साहब के प्रतिमा स्थल के सामने, गौतम बुद्धा सेवा सामिति द्वारा शहीदों को नमन कर दी गई श्रद्धांजलि व दो मिनट का मौन रह कर तमिलनाडु में सेना के हेलीकाप्टर हादसे में शहीद हुए देश के पहले सी डी एस जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी सहित सैन्य अफसरों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मनीष जायसवाल (वरिष्ठ बसपा नेता नगर पंचायत गोला) उनके चित्र पर माल्यर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर परमात्मा प्रसाद पूर्व जिला प्रभारी बसपा, रणविजय, डॉ अरुण, अजय बौद्ध, सुधीर मास्टर, सेक्टर अध्यक्ष दिनेश, राजेश शर्मा, सिद्धार्थ, रामदेव, विनोद, टुनटुन, सत्येंद्र, सन्नी, अभय, अश्वनी, राहुल, सुग्रीव, विनोद बाँसफोड़, बबलू बौद्ध, रवि गुप्ता, मुन्ना, रणधीर, संगम, अर्जुन, डबलू, मंगेश, अरविंद सहित व्यापारी गण मौजूद रहे।

## प्रथम चक्र में आवश्यक वस्तुओं का वितरण 12 से 20 दिसम्बर 2021 तक

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह दिसम्बर 2021 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत प्रथम चक्र में आवश्यक वस्तुओं का वितरण 12 दिसम्बर 2021 से प्रारम्भ होकर 20 दिसम्बर 2021 तक सम्पन्न होना है। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (20 किग्रा0 गेहॅू व 15 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (03 किग्रा0 गेहॅू व 02 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों को सुनिश्चित कराया जायेगा। राशनकार्डधारकों को पोर्टिबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा अनुमन्य रहेगी। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल (यथा सरसों तेल/रिफाइंड ऑयल) निःशुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारक को 01 किग्रा0 आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा0 साबुत चना तथा 01 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। आयोडाइज्ड नमक, साबुत चना तथा रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के वितरण में पोर्टिबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। कार्डधारक इन तीनों वस्तुओं को अपनी मूल दुकान से ही प्राप्त कर सकेंगे। उक्त योजना के वितरण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विपणन गोदामों से 11 दिसम्बर 2021 तक जनपद के समस्त 2095 उचित दर दुकानों पर शत–प्रतिशत खाद्यान्न का उठान न हो पाने के कारण आंशिक रूप से खाद्यान्न व अन्य खाद्य सामग्रियों का उठान कराया गया है। ऐसी स्थिति में 12 दिसम्बर 2021 से प्रारम्भ हो रहे वितरण दिवस पर वितरण की शुरूआत करते हुए कुछ ही कार्डधारकों को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा और विक्रेताओं के पास सम्पूर्ण खाद्यान्न का उठान होते ही आगामी तिथियों में खाद्यान्न के साथ–साथ खाद्य तेल, नमक, चना आदि का निःशुल्क वितरण कार्डधारकों के मध्य कराया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर 2021 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि 12 दिसम्बर 2021 से प्रारम्भ होने वाले वितरण दिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुए मा0 जनप्रतिनिधिगणों के कर–कमलों द्वारा वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे और जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में लाभार्थियों के मध्य नियमानुसार खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। समस्त उचित दर विक्रेता शत–प्रतिशत खाद्यान्न का उठान करते हुए समस्त कार्डधारकों में उपरोक्तानुसार निःशुल्क खाद्य सामग्रियों का वितरण करना सुनिश्चित करेंगे।

## फाइव स्टार होटल प्रोजेक्ट पर फंसा पेच, इविवि और पीडीए ने जमीन पर जताया अपना–अपना हक

प्रयागराज ब्यूरो : प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के शहर में पहले फाइव स्टार होटल के प्रोजेक्ट पर संकट मंडराता नजर आ रहा है। जमीन को लेकर विवाद सामने आने के बढ़ाने के बाद पीडीए के लिए इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा पाना चुनौती साबित होगा। इस जमीन पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) और पीडीए के अधिकारी अपना–अपना दावा जता रहे हैं। रसायन विभाग के पूर्व अध्यक्ष और जाने माने वैज्ञानिक प्रो. नीलरतन धर ने 1949 में अपना वेतन, मकान आदि तमाम वस्तुएं इविवि को दान में दी थीं। शीलाधर मृदा शोध संस्थान 1952 में अपनी पत्नी के नाम पर स्थापित किया था। मम्फोर्डगंज स्थित यह संस्थान रसायन विभाग का हिस्सा है। इविवि प्रशासन के सूत्रों कहना है कि जमीन शीलाधर संस्थान की है और विवि को प्रतिवर्ष एक रुपये की लीज पर दी गई थी। पीडीए न जताया अपना दावा। दान पर मिली इस जमीन का लीज रेंट विश्वविद्यालय प्रशासन को जमा करना था। सूत्रों के मुताबिक बीच में कुछ समय के लिए लीज रेंट जमा नहीं किया गया और यहीं से विवाद शुरू हो गया। वहीं, पीडीए ने इस दावे को खारिज किया है। पीडीए के अधिकारियों का कहना है कि जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है और मामला कोर्ट में चला गया। जमीन पीडीए के नाम पर है। 'पीडीए जिस जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाने जा रहा है, वह जमीन शीलाधर संस्थान से जुड़ी है। मामला जिला अदालत में विचाराधीन है। इविवि प्रशासन इस पर इसी दिशा में कार्य कर रहा है।'

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
सब्र एक ऐसी सवारी है जो अपनें सवार को किसी के कदमों में या नजरों से गिरनें नहीं देती
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भारत–रूस शिखर बैठक : रक्षा संबंधों की मजबूत बुनियाद

हाल ही में संपन्न हुई भारत–रूस की शिखर बैठक से, जिसमें वैश्विक घटनाओं पर विचार–विमर्श के अलावा 22 संवाद की भी शुरुआत हुई, रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग में और वृद्धि ही होगी। शिखर बैठक में अलग–अलग क्षेत्रों से संबंधित 99 बिंदुओं पर साझा सहमति बनी, तो अंतरिक्ष से लेकर रक्षा और दूसरे क्षेत्रों से जुड़े 28 सहमति पत्रों पर दस्तखत किए गए। भारत और रूस के रिश्ते मुख्यतः रक्षा सहयोग पर ही आधारित हैं, जबकि दोनों के बीच का व्यापार महज 10 अरब डॉलर तक सिमटा हुआ है।

22 संवाद के बाद दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत–रूस अंतर्सरकारी आयोग की 20वीं बैठक में भी हिस्सा लिया। उसी बैठक में विभिन्न समझौतों पर दस्तखत किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'आत्मनिर्भरता के लिए अधिक सैन्य तकनीकी सहयोग तथा आधुनिकतम शोध और रक्षा उपकरणों के साझा विकास व उत्पादन पर हमारा अधिक जोर है।' उल्लेखनीय है कि रूस के साथ मिलकर भारत रक्षा क्षेत्र में साझा उद्यम खड़ा करना चाहता है।

अमेरिका द्वारा सीएएटीएसए (काउंटरिंग अमेरिकन एडवरसरीज थ्रू सैंक्शन्स ऐक्ट) लगाने की धमकी के बावजूद भारत–रूस के बीच एस–400 मिसाइलों के सौदे दोनों देशों के रिश्तों के नए आयाम के बारे में बताते हैं। रूस के नेतृत्व ने इसकी तारीफ की, जब रूसी विदेश मंत्री लैवरोव ने कहा कि 'हमारे भारतीय दोस्तों ने स्पष्ट तौर पर और ठोस रूप में बता दिया कि वे एक संप्रभु राष्ट्र हैं। वही तय करेंगे कि वे कौन–से हथियार खरीदेंगे तथा रक्षा व दूसरे क्षेत्रों में उनका साझेदार कौन होगा।'

भारतीय सुरक्षा बलों के पास जो रक्षा उपकरण हैं, उनमें से 60 प्रतिशत के पुर्जे रूस से आते हैं। जैसा कि भारतीय विदेश सचिव हर्ष शृंगला ने एक बार कहा भी था कि 'बगैर रूसी कल–पुर्जों के न तो हमारे विमान उड़ पाएंगे, न ही समुद्र में हमारे जहाजों का चलना संभव है।' अभी खत्म हुई शिखर बैठक में इस पर सहमति बनी कि रूस भारतीय रक्षा उत्पादों के कल–पुर्जों के भारत में ही उत्पादन में सहयोग करेगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत के अभियान को रफ्तार मिलेगी।

रक्षा उत्पादों के पुर्जों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक देश द्वारा अपने कूटनीतिक प्रावधान ढीले करना ही यह बताने के लिए काफी है कि भारत और रूस के बीच के रिश्ते किस तरह के हैं। इस संबंध में जारी साझा बयान कहता है, 'दोनों पक्ष तकनीकी हस्तांतरण और साझा उद्यमों की स्थापना के जरिये विभिन्न कल–पुर्जों, उपकरणों, रक्षा निर्माण और दूसरे उत्पादों के मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रूसी कंपनियों के हथियारों और रक्षा उपकरणों के निर्माण के लिए सहमत हुए हैं।'

इस दौरान जो दूसरा सबसे बड़ा फैसला लिया गया, वह है तकनीकी हस्तांतरण समझौते के जरिये भारत में एके–203 राइफलों के उत्पादन पर बनी सहमति। इस समझौते के तहत भारत अमेठी स्थित आयुध निर्माण फैक्टरी में छह लाख राइफल तैयार करेगा। इस समझौते पर दोनों देशों के बीच लंबे समय से बातचीत चल रही थी। रक्षा क्षेत्र में तकनीकी हस्तांतरण न केवल दुर्लभ है, बल्कि यह तभी संभव है, जब दो देशों के बीच गहरी समझदारी हो।

शिखर बैठक में हालांकि सैन्यतंत्र सहयोग और साझा आदान–प्रदान समझौते पर सहमति नहीं बन पाई, क्योंकि यह कहा गया कि इस विषय पर अंतिम निर्णय लेने से पहले और विचार–विमर्श की आवश्यकता है। गौरतलब है कि अमेरिका और जापान के साथ भारत यह समझौता कर चुका है। इस समझौते से जरूरत के समय दूसरे देशों के सुरक्षा बलों की मदद की जा सकती है। रूस के साथ यह समझौता हो जाने पर जहां भारत आर्कटिक क्षेत्र में रूसी सैन्य बेस का लाभ उठा सकेगा, वहीं रूस भारतीय सैन्य बेसों का लाभ उठाते हुए हिंद महासागर में अपने सैन्य अभियान संचालित कर सकेगा। बैठक में सैन्य तकनीकी सहयोग समझौते को और दस साल बढ़ाने पर सहमति बनी।

भारत और रूस एक दूसरे की धरती पर साझा सैन्य अभियानों का संचालन करते हैं। भारत ने सभी रूसी सैन्य अभियानों में भाग तो लिया ही है, इसने द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गए सैनिकों के सम्मान में मास्को में आयोजित सम्मेलन में भी हिस्सेदारी की थी। इस मुद्दे पर पुतिन का कहना था, 'हम भारत और रूस, दोनों ही देशों में साझा सैन्याभ्यास का आयोजन करते रहे हैं। इस मामले में भारत की प्रशंसा करनी चाहिए, जिसे इस मामले की गहरी समझ है। हम इस विषय पर आगे भी लगातार काम करना चाहते हैं।'

ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि दोनों ही देशों ने अफगानिस्तान, दक्षिण पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मुद्दे पर विस्तार से विमर्श किया। बैठक में भारत ने जहां चीन से आने वाले खतरों के प्रति रूस का ध्यान आकर्षित कराया, वहीं रूस ने यूक्रेन और पोलैंड–बेलारूस पर अपने रुख के बारे में बताया। इसी कारण रूस को पश्चिमी देशों के खिलाफ खड़ा होना पड़ा है। शिखर बैठक में यह बात स्पष्ट होकर सामने आई कि दोनों देश वैश्विक मुद्दों पर एक दूसरे का समर्थन पाने के आकांक्षी हैं।

भारत और रूस के बीच कुछ मुद्दों पर असहमति है, तो कुछ विषय चिंतित करने वाले भी हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण यह कि अमेरिकी नेतृत्व वाले क्वाड और ऑकस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका) जैसे गठजोड़ों पर रूस की अपनी चिंताएं हैं। रूस इन गठजोड़ों को चीन के लिए खतरनाक, हिंद–प्रशांत क्षेत्र में तनाव बढ़ाने वाला और आसियान देशों की निष्पक्षता के लिए चुनौती भरा मानता है। जबकि इस पर भारत के विचार अलग हैं और अपनी जमीन पर चीनी आक्रामकता के कारण वह पूरी तरह अमेरिका के पाले में है।

दूसरी ओर, अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस धीरे–धीरे चीन के साथ होता गया है। इन सबके बावजूद शिखर बैठक से यह संदेश सामने आया कि भारत–रूस के रक्षा संबंध मजबूत बुनियाद पर खड़े हैं और कुछ मुद्दों पर दोनों के अलग–अलग खेमे में होने के बावजूद इस रिश्ते पर उसका असर नहीं पड़ने वाला। बैठक ने यह भी बताया कि दोनों देशों को कई चुनौतियों से निपटना होगा। और सबसे बड़ी बात यह कि दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच गर्मजोशी और विश्वास रिश्तों में स्थिरता के बारे में आश्वस्त करता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# उत्तर प्रदेश में जमीन पर कब्जा करने वालों की अब खैर नहीं : जानिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नया आदेश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार लगाया। मंदिर के हिन्दू सेवाश्रम में सीएम योगी ने एक–एक कर 200 फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। सीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनता दर्शन और जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली समस्याओं का तत्काल निस्तरण करें। इस बार भी जनता दर्शन में महिलाएं अधिक पहुंची। अधिकांश शिकायतें पुलिस और जमीनी विवाद से जुड़ी हुई रहीं। सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में मण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी, जिलाधिकारी विजय किरन आनंद, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, एडीजी अखिल कुमार,एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा, एसडीएम सदर कुलदीप मीना,नगर आयुक्त अविनास सिंह, जीडीए वीसी प्रेमरंजन सिंह, सीएम कैंप कार्यालय के प्रभारी मोतीलाल सिंह,अजय सिंह, द्वारिका तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे। सुबह 7.30 बजे से शुरू जनता जनता दर्शन 8.15 बजे तक चला। इसके बाद लालकक्ष में आए यहां उनसे मिलने के लिए 50 की संख्या में आए लोगों से भी सीएम ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक बच्चे को गोद में उठाकर दुलार भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह में शामिल होने के लिए निकल गए। सीएम ने मंदिर में किया पूजा– पाठ। शुक्रवार की सुबह महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण कर और गोशाला में गो सेवा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके बाद जनता दर्शन के लिए हिन्दू सेवाश्रम पहुंचे। जनता दर्शन से निकल कर सीएम साधना भवन पहुंचे। जहां उन्होंने अपने श्वान कालू और गुल्लू को प्यार दुलार दिया।

# कोविड–19 वैक्सीनेशन का लक्ष्य शत प्रतिशत जल्द किया जाए पूर्ण– जिलाधिकारी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिले में शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन का कार्य शीघ्र ही पूरा करा लिया जाए। वृद्धों को प्राथमिकता के आधार पर कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज दी जाए। जिन्होंने पहली डोज ले ली है, उन्हें दूसरी डोज देने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए बड़े पेमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। कोविड–19 वैक्सीनेशन प्रत्येक बैन कम से कम प्रतिदिन एक हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य करें पूर्ण जनपद के सभी सीएससी पीएससी सैंटरो को मिलाकर लगाया जाए 30,000 वैक्सीनेशन बैन व अस्पतालों के मिलाकर प्रतिदिन 60 हजार लोगो को टिका लगाया जाए वैक्सीनेशन जिन ग्राम सभाओं में 80: से कम लगा है उस लक्ष्य को पूर्ण किया जाए यह दिशा–निर्देश जिलाधिकारी विजय किरन आनंद विकास भवन सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद में प्रथम डोज 2513725 को लगाया जा चुका है द्वितीय डोज 1443442 को लोगों को लगाया जा चुका है कोविड–19 की को वैक्सीन व कोविसील्ड की 112 और 42 दिन पूरा होने के बाद भी 228155 लोगों ने अपनी अभी तक दूसरी डोज नही लगवाया हैं उन्हें प्रेरित कर दूसरा डोज लगवाया जाये जिन्हें कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है, उन्हें दूसरी डोज जल्द से जल्द दी जाए। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाए। इसकी जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों को सौंपी जाए। उन्हें निर्देशित किया जाए कि वे ऐसे लोगों



का चिह्नांकन करें। उन्हें दूसरी डोज लगवाएं। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिले में टीकाकरण का कार्य शत–प्रतिशत पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।डीएम विजय किरन आनंद ने कहा कि वृद्धों को वैक्सीन की दोनों डोज देने में प्राथमिकता बरती जाए। अभियान चलाकर वृद्धों को टीका लगवाया जाए। कहा कि ठंड के मौसम में कोरोना वॉयरस अधिक सक्रिय होते हैं। कोरोना का प्रकोप अधिक तेजी से बढ़ता है। इसलिए ऐसे मौसम में पूरी तरह से एहतियात बरती जाए। अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए। न सिर्फ सोशल डिस्टेंसिंग पर जोर दिया जाए बल्कि मास्क की अनिवार्यता भी सुनिश्चित की जाए। जिससे कोविड के लक्षण से बचा जा सके। बैठक में सीडीओ इंद्रजीत सिंह सीएमओ आसुतोष दुबे सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व डॉ मौजूद रहे।

# शादी की सालगिरह मनाकर लौट रहे दम्पत्ति की कार पलटी : चार मिनट में मौके पर पहुंची पीआरवी ने दोनों की बचाई जान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शादी की सालगिरह मानकर आधी रात बाद घर लौट रहे दम्पति की कार एचएन सिंह चौराहे पर बिजली के पोल से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। राहगीर की सूचना पर 4 मिनट में मौके पर पहुंची पीआरवी ने दम्पति को बाहर निकाला। दुर्घटना के बाद दोनों काफी डर गए थे। हालांकि उन्हें मामूली चोट आई थी पर जिस तरह से गाड़ी पलटी थी उसे देखकर हर कोई दंग रह गया था। पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के सुमेरसागर निवासी गौरव अपनी पत्नी गुरबानी के साथ शादी की सालगिरह मनाने गुलरिहा स्थित एक होटल में गए थे। आधी रात बाद दोनों कार से घर की तरफ लौट रहे थे। अभी वह एचएन सिंह चौराहे तक पहुंचे थे कि उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराने के बाद पलट गई। गुरुवार की रात करीब 2:09 बजे राहगीर ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पीआरवी 0321 की टीम ने महज 4 मिनट में ही मौके पर पहुंचकर फोन करने वाले व्यक्ति व अन्य लोगों की मदद से दम्पति को कार से बाहर निकाले। कुछ देर बाद उनके दोस्त व अन्य लोग पहुंच गए। पुलिस ने उनके साथ घायल के दोस्तों के साथ हॉस्पिटल भिजवाया। दुर्घटना की सूचना पर शाहपुर थाने की फोर्स भी मौके पहुंची और जांच में जुट गई। रेस्टोरेंट मालिक ने दी तहरीर। एचएन सिंह चौराहे के पास हुई दुर्घटना में एक रेस्टोरेंट की रेलिंग तोड़ते हुए कार पलटी थी। रेस्टोरेंट मालिक रणधीर सिंह ने शाहपुर पुलिस को अज्ञात कार चालक के खिलाफ एक लाख रुपये के नुकसान होने की तहरीर दी है। 16 घंटे तक बंद रहा खरैया पोखरा फीडर कार पलटने से खरैया पोखरा फीडर 2 बजे रात से बंद रही। शुक्रवार शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली विभाग के कर्मचारी सुबह से विद्युत आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे। बिजली गुल होने से सुबह लोगो को सबसे ज्यादा दिक्कत पानी के लिये हुई। पानी की टंकी खाली होने से लोगों को नल का सहारा लेना पड़ा। 16 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हुई।

# ट्रेन के सामने युवती नें कूद कर की आत्महत्या

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पीपीगंज रेलवे स्टेशन के तिधरा रेलवे समपार फाटक के दक्षिण रेलवे लाइन किनारे नगर पंचायत पीपीगंज के कोल्हुआ निवासी संन्तलाल चौहान की पुत्री प्रभा चौहान उम्र 18 बर्षीय गोरखपुर से गोंडा जा रही डेमू ट्रेन संख्या 06377 के सामने कुद कर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्ष दर्शीयो के अनुसार सायं 4 बजे गोरखपुर से गोंडा जा रही डेमू ज्योही तिधरा रेलवे समपार फाटक के पास पहुंच ही रही थी कि विपरीत दिशा से आ रही एक लड़की गाड़ी के सामने कुद गयी और गाड़ी से टकराते हुए रेलवे लाइन के बाहर गिर गई सर में गम्भीर चोट लगने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई कुछ देर बाद शव की पहचान कोल्हूआ निवासी संन्तलाल चौहान की पुत्री प्रभा चौहान के रूप में हुई मौके पर पहुंच कर परिजनो ने शव की शिनाख्त की।सन्तलाल के दो बच्चे थे एक मृतका एवं एक पुत्र। मृतका बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी। मौके पर जीआरपी थाने



की पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर समाचार लिखे जाने तक आगे की कार्यवाही में जुटी हुई थी।

# खंड प्रेरक अपने दायित्वों का करें निर्वाहन– डीपीआरओ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर अपने कार्यालय में खंड प्रेरकों के साथ बैठक आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता खंड प्रेरकों की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने शौचालयों के निर्माण व फोटो अपलोडग में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक दशा में फोटो अपलोडग का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। जिला पंचायत राज अधिकारी ने अपने एडीओ पंचायत से प्रत्येक ब्लाक के प्रगति की समीक्षा की। गांवों पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि इन गांवों में शौचालय के निर्माण में और तेजी लाने की आवश्यकता है खंड प्रेरक अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने अपने कार्यों को पूर्ण करें किसी भी खंड प्रेरक द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिन को जितना काम दिया गया है उससे अधिक कार्य करके दिखाएं किसी भी प्रेरक द्वारा आनाकानी



बर्दाश्त नहीं की जाएगी उनके क्षेत्र में चल रहे निर्माण की वस्तुस्थिति जानी और कहा कि जहां निर्माण कार्य पूरे नहीं हुए हैं वहां कार्य में तेजी लाई जाए। इसी दौरान बच्चा सिंह सहित खंड प्रेरक मौजूद थे।

# कैंपियरगंज के लोकप्रिय विधायक फतेह बहादुर सिंह ने गरीबों में बांटे ट्राई साइकिल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र में आज सूरस अपने छावनी पर विकलांगों को कैंपियरगंज के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक फतेह बहादुर सिंह के द्वारा गरीबों में ट्राई साइकिल वितरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि मैं जब तक जिंदा हूं कैंपियरगंज का रिड़ी रहूं गा। और मैं गरीबों का सदैव मदद करता रहूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से, कैंपियरगंज विधायक प्रतिनिधि



रंजीत सिंह उर्फ पिंटू सिंह, पीआरओ राजेश सिंह,अग्रहरि समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरी,प्रधान बलवंत यादव,सभासद प्रतिनिधि रामानंद (दाढ़ी वाले) अशोक अग्रहरी,दुर्गेश पाल,बेचू रावत,मुन्नीलाल समाजसेवी,राजू आदि मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# योगी सरकार का एलानः 68 लाख विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट, 20 दिसंबर को होगा कार्यक्रम

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि निशुल्क टैबलेट व स्मार्ट फोन किसे–किसे दिया जाएगा। तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे। नोडल एजेंसी यूपीडेस्को की ओर से इसकी खरीद के लिए वित्तीय निविदा पूरी हो गई है। आपूर्ति सैमसंग, एसर और लावा जैसी कंपनियां करेंगी। तीनों कंपनियां 12,700 की दर से टैबलेट आपूर्ति करेंगी, जबकि लावा व सैमसंग एक स्मार्टफोन 10,700 में आपूर्ति करेंगी। प्रदेश सरकार स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरा मेडिकल और नर्सिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययरत 68 लाख विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट देगी। इसके लिए लावा, विशटल, सैमसंग व एसर ने टैबलेट के लिए जबकि लावा व सैमसंग ने स्मार्टफोन के लिए टेंडर डाला था। तकनीकी निविदा में विशटल को अपात्र घोषित कर दिया गया। मूल्यांकन समिति की अनुमति मिलते ही निविदा को कैबिनेट की मंजूरी दिलाई जाएगी। एसीएस औद्योगिक विकास विभाग अरविंद कुमार ने कहा कि इसी महीने से वितरण शुरू हो जाएगा। 20 के बाद शुरू हो जाएगा वितरण। जानकारी के मुताबिक टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण 20 दिसंबर के बाद शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों भव्य समारोह में इसका वितरण किया जाएगा। इस पर करीब 4700 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन्हें मिलेगा टैबलेट। 2021 में तकनीकी शिक्षा के तहत अध्ययरत विद्यार्थियों, तकनीकी शिक्षा (डिप्लोमा), आईटीआई में प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों, राजकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों (एमबीबीएस, एमएस, एमडी, बीडीएस) और नर्सिंग कॉलेजों में बीएससी और एमएससी नर्सिंग कोर्स, पैरामेडिकल और नर्सिंग के विद्यार्थियों को। इन छात्रों को मिलेगा स्मार्टफोन। स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों, सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकृत कुशल श्रमिकों, एमएसएमई विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एससी–एसटी स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना और ओडीओपी की प्रशिक्षण योजना में पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों को।अब तक 40 लाख पंजीकरण। यूपीडेस्को के एमडी कुमार विनीत ने बताया कि अभी तक 40 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

# पूर्व एसएसपी के मददगारों के भी चेहरे होंगे बेनकाब

प्रयागराज ब्यूरो : पूर्व एसएसपी अभिषेक दीक्षित पर मुकदमा चलाने की अनुमति मिली तो विवेचना में उनके कई मददगारों के चेहरे भी बेनकाब होंगे। जांच के दायरे में वह पुलिसकर्मी भी होंगे जिन्होंने पूर्व एसएसपी को लाभ पहुंचाया या उनसे लाभान्वित हुए। इनमें से कुछ पुलिसकर्मी ऐसे हैं जो अभी भी जनपद में तैनात हैं तो कुछ के गैर जनपद तबादले हो चुके हैं। मुकदमा दर्ज हुआ तो विजिलेंस की टीम इन पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी गहन जांच पड़ताल करेगी। आईपीएस अभिषेक दीक्षित पिछले साल आठ सितंबर को निलंबित कर दिए गए थे। इस कार्रवाई के साथ ही उनके खिलाफ विजिलेंस जांच भी शुरू करा दी गई थी। जांच में विजिलेंस ने उन पर वरिष्ठों के आदेशों की अनदेखी व निरीक्षकों से तैनाती के लिए पैसे लेने का ही आरोप सही माना है और मुकदमा दर्ज कराने की अनुमति शासन से मांगी है। जानकारों का कहना है कि मुकदमा हुआ तो न सिर्फ पूर्व एसएसपी बल्कि उनके मददगारों की मुश्किलें बढ़नी भी तय है। यह वह पुलिसकर्मी हैं जो लगातार शिकायतों के बाद भी मलाईदार तैनाती पाते रहे। इसके अलावा जांच के दायरे में वह इंस्पेक्टर या दरोगा भी होंगे, जो निर्धारित मानक पूरा न करने के बावजूद थानों में बतौर प्रभारी तैनात हुए। पहली लिस्ट से ही आ गए थे रडार पर। गौरतलब है कि तैनाती के बाद ट्रांसफर–पोस्टिंग की पहली ही लिस्ट से पूर्व एसएसपी अभिषेक रडार पर आ गए थे। चौकी प्रभारियों की इस सूची में लगभग 50 नाम थे लेकिन इनमें से कई ऐसे थे जो दागी होते हुए भी मलाईदार चौकियों में तैनात कर दिए गए थे। इसके बाद 27 इंस्पेक्टरों व 10 सब इंस्पेक्टरों की सूची जारी हुई और इसे लेकर भी कई सवाल उठे। दरअसल इसमें कई ऐसे इंस्पेक्टरों केनाम शामिल थे जिन्हें पूर्व में गंभीर आरोपों में हटाया गया था। कई दरोगाओं को भी थाना प्रभारी बनाया गया और दो दरोगाओं के तैनाती स्थल में सूची जारी होने के कुछ घंटों बाद ही फेरबदल कर दिया गया जिसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। शिकायतों के मद्देनजर कुल 17 बिंदुओं पर जांच कराने के बाद शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

# क्यूआर कोड बताएगा किस मशीन से कौन सा करना है व्यायाम

प्रयागराज ब्यूरो : शहर में लगे ओपेन एयर जिम की मशीनों में जल्द ही क्यूआर कोड लगेंगे। जिससे व्यायाम करने वाले व्यक्ति को क्यूआर कोड को स्कैन करते ही पता चल जाए कि किस मशीन से कौन सा व्यायाम होगा। शुक्रवार को स्मार्ट सिटी परियोजना और प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा को लेकर हुई बैठक में क्यूआर कोड लगाने का अनुमोदन दिया गया। मंडलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय में हुई बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि क्यूआर कोड को स्कैन करने पर व्यक्ति के मोबाइल में एक पेज खुल जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध रहेगी। स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत ऑटोमेशन ऑफ स्ट्रीट लाइट का भी कार्य किया जा रहा है। इसकेअन्तर्गत स्ट्रीट लाइट्स को इंटीग्रेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से लिंक किया जाएगा। जिसके बाद शाम होते ही सड़क की लाइट अपने आप जल जाएगे और सुबह की रोशनी के साथ अपने आप बुझ जाएगी। इस प्रोजेक्ट को शीघ्र क्रियान्वित करने के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने किसी एक सड़क का चुनाव करके दिसंबर के आखिर तक उस सड़क पर इसे शुरू करने का प्रयत्न करने को भी कहा। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत विकसित की जा रही विभिन्न स्मार्ट सड़कों पर हो रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर खासी नाराजगी व्यक्त की। जिन सड़को पर संतोषजनक कार्य नहीं हुए है, उनकी कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्घ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि जो भी कार्यदायी संस्था डेडलाइन तक काम पूरा न करे, उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए। बैठक में मंडलायुक्त ने मल्टी एक्टिविटी प्लेस्टेशन, सभी स्मार्ट सड़कों पर लगने वाले स्ट्रीट फर्नीचर तथा स्मार्ट स्कूल एवं स्पोर्ट हेतु विकसित किए जाने वाले इंफ्रस्ट्रक्चर से संबंधित प्रोजेक्ट्स की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## कायस्थों के मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा हेतु अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पूरी तरह समर्पित है:डॉ इन्द्रसेन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश की एक आवश्यक समीक्षा बैठक प्रदेश कार्यालय 60 बी दारुलसफा लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इंद्रसेन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव ने कहा कि लखनऊ में आयोजित हुंकार रैली के बाद अब अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, खलीलाबाद, बस्ती, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, कानपुर, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, ललितपुर, झांसी, गोंडा, आगरा सहित 20 जनपदों में कायस्थों के सम्मान व स्वाभिमान के लिए हुंकार रैली व सम्मेलन का आयोजन आगामी जनवरी 2022 में आयोजित करने जा रही है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थों के मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा हेतु अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पूरी तरह अपने समाज के लिए समर्पित है। अपने कायस्थ समाज की महान विभूतियों को अपना आदर्श मानते हुये महासभा अपने कायस्थ समाज के हित के लिए हमेशा कार्यरत थी है और करती रहेगी। आज हमारे समाज की उपेक्षा हर राजनीतिक दल कर रहा है। लेकिन अब हम लोग उपेक्षा बर्दाश्त नहीं




करेंगे अब तो सीधे–सीधे संघर्ष करने में हिचकिचाहट भी नहीं होगी। हम अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके ही रहेंगे। आज की बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने किया।इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव ,कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव, आमोद श्रीवास्तव, बीसी रायजादा, प्रत्यूष श्रीवास्तव, लखनऊ महानगर अध्यक्ष मोहित जौहरी, लखनऊ जनपद के अध्यक्ष पवन भास्कर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।उक्त आशय की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

## उनका काम फीता काटना : हमारा काम परियोजना को पूरा करवाना –प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

लखनऊ ब्यूरो : पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकार माफियाओं को संरक्षण देती थी। अब उनके ऊपर बुलडोजर चल रहा है। पहले महिलाएं घर से बाहर निकलने से पहले सौ बार सोचती थीं पर अब अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचता है। अब अपराधी जेल में दुबक कर रहता है। 'महिलाओं के लिए काम कर रही सरकार'। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के लिए काम कर रही है। यही कारण है कि पीएम आवास योजना के तहत दिये जाने वाले घर महिलाओं के नाम पर दिए गए हैं। उनके लिए शौचालय बनाए, घरों में बिजली कनेक्शन दिया और रसोई गैस दी। 'उनका काम फीता काटना, हमारा काम पूरा कराना है' पीएम मोदी ने इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब मैं दिल्ली से आ रहा था तो सोच रहा था कि अभी कोई कहेगा कि इसका फीता तो उसने ही काट दिया था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हो सकता है कि उन्होंने बचपन में ही इस परियोजना का फीता काट दिया हो... तो मैं उनसे कहना चाहूंगा कि उनका काम फीता काटना है और हमारा परियोजनाओं को पूरा करना है। यह डबल इंजन की सरकार का कमाल है। पांच दशक से ज्यादा काम पांच साल में हो गया है। 100 गुना बढ़ गई परियोजना की लागत। पीएम मोदी ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि देश के धन, समय और संसाधनों का दुरुपयोग होता है। 50 साल पहले शुरू हुई इस योजना की लागत 100 करोड़ रुपये थी पर आज इसे पूरा होने तक 10 हजार करोड़ की लागत हो गई है। ये व्यर्थ हुआ धन और समय जनता का है। पहले की सरकारों की लापरवाही के कारण इस परियोजना की लागत 100 गुना ज्यादा बढ़ गई है। 'सोच ईमानदार हो तो काम दमदार होता है'। पीएम मोदी ने कहा कि इस परियोजना से किसानों के खेतों की प्यास बुझेगी और हमारी संस्कृति में कहा भी जाता है कि अगर किसी प्यासे को पानी पिला दिया तो बड़ा पुण्य होता है। यह परियोजना किसानों की बड़ी जरूरत को पूरा करेगी। यह दिखाता है कि अगर सरकार की सोच ईमानदार हो तो काम दमदार होता है। बलरामपुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ को श्रद्धांजलि दी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का लोकार्पण कर अपने भाषण में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका निधन देश के लिए बड़ी क्षति है। उनके निधन से हर देशभक्त दुखी है। ऐसे देश के वीर योद्धा को मैं नमन करता हूं। जिन क्षेत्रों ने कभी सपना भी नहीं देखा था कि उन्हें सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरयू नहर परियोजना को 1972 में मंजूरी मिली थी तब से ये परियोजना पूरी नहीं हो पाई। कारण था, तत्कालीन सरकार, चाहे वो कांग्रेस, सपा या बसपा की रही हो, लेकिन किसी ने रुचि नहीं ली। नतीजा 40 वर्ष में परियोजना आधी भी पूरी नहीं हो पाई थी पर केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद परियोजना पूरी हो गई। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन क्षेत्रों ने कभी सपना भी नहीं देखा था कि उन्हें सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। ऐसे क्षेत्रों में आज सरयू नहर परियोजना के माध्यम से किसानों को एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। लाखों किसानों के सपने सच हुए हैं। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य बोले– लोकदल या परलोक दल भी एक हो जाएं तो भी भाजपा 300 सीटें जीतेगी। इस मौके पर अपने भाषण में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यूपी में सपा, बसपा कांग्रेस और जितने लोक दल परलोक दल हैं भले ही सब मिल जाए लेकिन उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा तीन सौ सीटें से ज्यादा जीतने जा रही है। उन्होंने पूछा कि अगर कमल नहीं खिला होता तो क्या भव्य राम मंदिर बन पाता, अगर कमल नहीं खिला होता तो सरयू नहर परियोजना पूरी हो पाती क्या, अगर कमल नहीं खिला होता तो कश्मीर से धारा 370 हट सकती थी क्या? मोदी के मंच पर पहुंचते ही समर्थकों ने लगाए मोदी–मोदी के नारे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बलरामपुर के हरिहरगंज में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर पहुंच चुके हैं। मंच पर पहुंचते ही उन्होंने हाथ हिलाकर अपने समर्थकों का अभिवादन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने मोदी–मोदी के नारे लगाए। पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद हैं। सरयू नहर परियोजनाः पीएम मोदी का अखिलेश पर तंज, कहा– हो सकता है बचपन में उन्होंने इस परियोजना का भी फीता काटा हो। 1978 से शुरू हुई सरयू नहर परियोजना पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की इस सबसे बड़ी परियोजना का लोकार्पण किया। गोंडा सहित नौ जिलों के किसानों के लिए यह परियोजना एक वरदान साबित होगी। जिले में 808 किलोमीटर लंबी इस नहर योजना से किसानों को मंहगी सिंचाई की परेशानी से प्रभावी तौर पर छुटकारा मिलेगा। गोंडा जिले में यह सरयू नहर बहराइच से होकर प्रवेश करेगी। एक–दो गैप को छोड़कर परियोजना का कार्य लगभग पूरा है। पीएम मोदी ने परियोजना को देश को समर्पित किया। – इस परियोजना की लागत 9802 करोड़ रुपये है। जो कि 6,223 किमी लंबी है। दावा किया जा रहा है कि 6227 गांवों के 29 लाख किसान लाभांवित होंगे। दो मुख्य नहरों से 45 नहरें निकाली जा चुकी हैं। वर्ष 1978 में बहराइच व गोंडा जिले की सिंचन क्षमता के विस्तार के लिए घाघरा कैनाल नामक परियोजना का शुभारंभ हुआ था। चार साल तक परियोजना पर काम चलता रहा, लेकिन परियोजना पूरी नहीं हुई। सुरसा की तरह परियोजना की लागत बढ़ती गई और काम भी पूरा नहीं हो पाया। वर्ष 1982 में परियोजना का विस्तार करते हुए अन्य जिलों को भी इसमें शामिल कर दिया गया। इसका नाम ट्रांस घाघरा–राप्ती–रोहिणी कर दिया गया। लेकिन बाद में इसका नाम सरयू नहर परियोजना कर दी गई। करीब सवा लाख किलोमीटर तक फैली इस परियोजना से कई लाख किसानों को सिंचाई की समस्या से निजात मिलेगी। इस परियोजना का मुख्य भाग गोंडा है। जिले में बहराइच के रास्ते गोंडा में आईं दो मुख्य नहरों से 45 नहरें निकाली जा चुकी हैं। 808 किलोमीटर नहर का जाल बिछ चुका है। मुख्य शाखा के अलावा माइनर व टेल तक पानी पहुंचाने की कवायद करीब 43 साल बाद पूरी हो रही है। जिले भर में 808 किलोमीटर नहर का जाल बिछ चुका है और इससे दो लाख 41 हजार किसानों को सिंचाई का सीधा फायदा मिलेगा। गोंडा जिले में करीब पांच लाख किसान हैं। यहां के किसान बोरिंग व पंपिंग सेटों से सिंचाई करते रहे हैं। 50 से अधिक राजकीय नलकूप भी सिंचाई करे लिए लगे हैं। लेकिन कभी बिजली की समस्या तो कभी यांत्रिक दोष के कारण किसानों को समय से सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पाती थी। कुल किसानों में से 50 फीसदी किसानों को अब नहर सिंचाई का फायदा मिलेगा। यानि ढाई लाख किसानों को महंगे डीजल की जरूरत नहीं पड़ेगी और कम खर्च में वह समय पर फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। अब लहलाएगी फसल। रुपईडीह ब्लाक के किसान सतगुरु कहते हैं कि सरयू नहर प्रथम खंड की 47 किलोमीटर की नहर उनके खेत के बगल से होकर निकली है। अब लगातार नहरों के चलने से सिंचाई की समस्या दूर होगी। राम राज मौर्य ने बताया कि बताया कि नहरों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। ताकि इसका पूरा फायदा किसानों को मिल सके। किसान रज्जब अली व अनोखे लाल ने बताया कि हर साल गेहूं से लेकर अन्य फसलों की सिंचाई में बहुत पैसा खर्च होता था। अब नियमित पानी मिलने से डीजल खर्च की बचत होगी।

## मतदाता जागरूकता अभियान शिविर का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम स्वीप योजना के




तहत निर्वाचन साक्षरता क्लब का आयोजन किया जा रहा है । आपका मतदान लोकतंत्र की जान है । वोट है ताकत जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है । भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। अतः हम सब का कर्तव्य है कि कोई मतदाता न छूटे । कोई जानकारी चाहिए तो मतदाता हेल्पलाइन 1950 का उपयोग आप कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जन शिक्षण संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर सुधा सिंह ने कहा कि ईवीएम और वीवी पैट पर वोट डालने के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना बेहद जरूरी है हमें अपना मतदान सफलता पूर्वक कैसे करना है । साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में सर्वाधिक पूर्ण मतदान करने के लिए महिलाओं और नौजवानों को बढ़–चढ़कर हिस्सेदारी करनी होगी। इसके लिए वोटर होना बेहद जरूरी है। मतदान हेतु लोगों को संकल्प और शपथ दिलाया। साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने कहा कि अपनी मत की कीजिये , मतदाता सम्मान ।। लोकतंत्र की रीढ़ है लोकतंत्र की जान ।। दोहा के साथ कार्यक्रम का संचालन किया। मध्यस्थता अधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को तुरंत मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा लेना चाहिए। ताकि लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सहभागिता निभा सकें । इसीलिए संस्था की तरफ से हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। एक वोट से सरकारे बनती बिगड़ती है। बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय ने कहा कि महिलाओं को विशेष कर वोटर लिस्ट प्रकाशन से पहले उनका नाम शामिल कर आना चाहिए ताकि आधी आबादी इस लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। उक्त कार्यक्रम में अनिल कुमार सिंह कैलाश नाथ प्रजापति छोटे लाल यादव आशुतोष सिंह इंद्रजीत उपाध्याय मनोज कुमार श्रीवास्तव आनंद सिंह पटेल लालजी यादव दिलीप सेठ इत्यादि लोग मौजूद रहे । अंत में कार्यक्रम आयोजक संजय उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय संस्था सचिव ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर 7 सम्पादक नेशनल अवार्ड से सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एंटी करप्शन इंटरनेशनल काउंसिल (एसीआईसी) ने अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर सात सम्पादकों को 'नेशनल अवार्ड' से सम्मानित किया है। इन पत्रकारों में हिन्दी 'दैनिक अथाह' के संपादक अशोक ओझा, 'राष्ट्रीय जनमोर्चा' के सम्पादक जितेन्द्र बच्चन, दैनिक 'हिन्द आत्मा' के संपादक अशोक कौशिक, दैनिक 'कृष्ण उजाला' के संपादक नरेश सिंहानिया, 'गंगा न्यूज नेशनल' के संपादक डॉ अशोक कुमार, 'आपबीती' के संपादक मुकेश गुप्ता और एबीपी न्यूज चौनल से जुड़े अजय भटनागर शामिल रहे। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी दिनेश कुमार गोयल थे। सर्वप्रथम जनरल विपिन रावत की तस्वीर पर फूल–माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजिल दी गई। उसके बाद दीप प्रज्जवलन कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया गया। एसीआईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकुल शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था ने उन पत्रकारों या हस्तियों को नेशनल अवार्ड से नवाजा है, जो भ्रष्टाचार मुक्त भारत की मुहिम में लगातार सक्रिय हैं। वहीं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के बिना भ्रष्टाचार मुक्त भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस अभियान में समाचार पत्र–पत्रिकाएं और उनके सम्पादकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार हो या समाज, पत्रकारों की कोई अनदेखी नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि देश को आधुनिक भारत बनाना है या उसे एक नई दिशा देनी हो, बिना पत्रकारों के संभव नहीं है।

कार्यक्रम में पत्रकारों के अलावा 17 राज्यों से आए एसीआईसी के प्रतिनिधियों, दिल्ली–एनसीआर के कई पुलिसकर्मी, डॉक्टरों, शिक्षाविदों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

## मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक के निर्णय का परिणाम आने शुरू : क0शि0सं0मोर्चा

जौनपुर डीकेयू ब्यूर प्रमुख निर्णय 1– आउटसोर्सिंग/संविदा कर्मियों के सेवा सुरक्षा, वेतन भुगतान एवं इपीएफ फंड न काटने वालों के विरुद्ध कार्यवाही। 2– 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते के भुगतान की पत्रावली मुख्यमंत्री जी को प्रेषित। 3– मुख्य सचिव द्वारा 13 दिसंबर तक मुख्य सचिव समिति की पहली बैठक में डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और आप्टोमेट्रिष्ट सहित स्वास्थ व परिवार कल्याण के अन्य सामवर्गो का दिसंबर में वेतन विसंगतियां दूर हो जाएंगी। 4– स्थानीय निकाय आदि विभागों के संवर्गो का पुनर्गठन प्रक्रिया शुरू। 5– कैशलेस इलाज का शासनादेश इसी माह में जारी। 6– सेवा नियमावलियां प्रख्यापित करने की कार्यवाही तेजी से शुरू दिसंबर में प्रक्रिया पूरी होगी। 7– केजीएमयू कर्मियों का कैडर पुनर्गठन का आदेश इसी माह प्रक्रिया शुरू। 8– रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां एवं पदोन्नतिया करने की कार्यवाही चल रही है। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष श्री वी पी मिश्र एवं महासचिव शशी कुमार मिश्र ने बताया कि मुख्य सचिव के साथ 8 सितंबर को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के तहत उपरोक्त मांगों के शासनादेश जारी होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है इसी माह में शासनादेश जारी हो जाएंगे। बैठक में वी.पी. मिश्रा द्वारा मांगों के प्रस्तुतीकरण पर मुख्य सचिव ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा था कि माह दिसंबर में हर हाल में निर्णय कर शासनादेश जारी कर दिया जाए। इसी के तहत विभागों द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा था कि पेंशन एवं फ्रीज महंगाई भत्ते के बारे में भारत सरकार जब निर्णय लेगी उत्तर प्रदेश सरकार से त्वरित कार्यवाही करके आदेश जारी करेगी क्योंकि उपरोक्त का फैसला भारत सरकार द्वारा किया गया था। मुख्य सचिव के आदेश का त्वरित कार्यवाही निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

## पीएम आज करेंगे सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का लोकार्पण : नौ जिलों के 29 लाख किसानों को होगा लाभ

गोंडा ब्यूरो : 1978 से शुरू हुई सरयू नहर परियोजना पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की इस सबसे बड़ी परियोजना का लोकार्पण आज करेंगे। गोंडा सहित नौ जिलों के किसानों के लिए यह परियोजना एक वरदान साबित होगी। जिले में 808 किलोमीटर लंबी इस नहर योजना से किसानों को मंहगी सिंचाई की परेशानी से प्रभावी तौर पर छुटकारा मिलेगा। गोंडा जिले में यह सरयू नहर बहराइच से होकर प्रवेश करेगी। एक–दो गैप को छोड़कर परियोजना का कार्य लगभग पूरा है। अब शनिवार को पीएम मोदी इस सौगात को देश को समर्पित करेंगे। वर्ष 1978 में बहराइच व गोंडा जिले की सिंचन क्षमता के विस्तार के लिए घाघरा कैनाल नामक परियोजना का शुभारंभ हुआ था। चार साल तक परियोजना पर काम चलता रहा, लेकिन परियोजना पूरी नहीं हुई। सुरसा की तरह परियोजना की लागत बढ़ती गई और काम भी पूरा नहीं हो पाया। वर्ष 1982 में परियोजना का विस्तार करते हुए अन्य जिलों को भी इसमें शामिल कर दिया गया। इसका नाम ट्रांस घाघरा–राप्ती–रोहिणी कर दिया गया। लेकिन बाद में इसका नाम सरयू नहर परियोजना कर दी गई। करीब सवा लाख किलोमीटर तक फैली इस परियोजना से कई लाख किसानों को सिंचाई की समस्या से निजात मिलेगी। इस परियोजना का मुख्य भाग गोंडा है। जिले में बहराइच के रास्ते गोंडा में आईं दो मुख्य नहरों से 45 नहरें निकाली जा चुकी हैं। मुख्य शाखा के अलावा माइनर व टेल तक पानी पहुंचाने की कवायद करीब 43 साल बाद पूरी हो रही है। जिले भर में 808 किलोमीटर नहर का जाल बिछ चुका है और इससे दो लाख 41 हजार किसानों को सिंचाई का सीधा फायदा मिलेगा। जिले में करीब पांच लाख किसान हैं। यहां के किसान बोरिंग व पंपिंग सेटों से सिंचाई करते रहे हैं। 50 से अधिक राजकीय नलकूप भी सिंचाई करे लिए लगे हैं। लेकिन कभी बिजली की समस्या तो कभी यांत्रिक दोष के कारण किसानों को समय से सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पाती थी। कुल किसानों में से 50 फीसदी किसानों को अब नहर सिंचाई का फायदा मिलेगा। यानि ढाई लाख किसानों को महंगे डीजल की जरूरत नहीं पड़ेगी और कम खर्च में वह समय पर फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। तीन का अड़ंगा 20 हजार किसानों पर भारी। अधिशासी अभियंता सिंचाई सतीश कुमार ने बताया कि करनैलगंज के परसा गोड़री के धनई पट्टी में विभागीय खतौनी की भूमि होने के बावजूद तीन किसान परिवारों द्वारा अड़ंगेबाजी के चलते नहर नहीं बन पाई है। जिसके कारण 26 गांवों के 20 हजार किसान नहर से मिलने वाली सिंचाई की सुविधा से वंचित बने रहेंगे। अब पुलिस प्रशासन की मदद से इस विवाद को निपटाने की कवायद चल रही है। अब लहलाएगी फसल। रुपईडीह ब्लाक के किसान सतगुरु कहते हैं कि सरयू नहर प्रथम खंड की 47 किलोमीटर की नहर उनके खेत के बगल से होकर निकली है। अब लगातार नहरों के चलने से सिंचाई की समस्या दूर होगी। राम राज मौर्य ने बताया कि बताया कि नहरों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। ताकि इसका पूरा फायदा किसानों को मिल सके। किसान रज्जब अली व अनोखे लाल ने बताया कि हर साल गेहूं से लेकर अन्य फसलों की सिंचाई में बहुत पैसा खर्च होता था। अब नियमित पानी मिलने से डीजल खर्च की बचत होगी। किसानों के लिए खुशी का दिन। शनिवार का दिन किसानों के लिए खुशी का दिन है। अधिकारियों की सूझबूझ व मेहनत का परिणाम है कि बीते चार सालों में नहर का निर्माण पूरा हो गया है। गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती सहित अन्य जिलों के किसानों को खेती की सिंचाई करने में अब समस्या होगी। समय–समय पर सिल्ट की सफाई होती रहेगी। नहरों की पटरियों को दुरस्त रखने, गुलाबा को ठीक रखने की जिम्मेदारी अधिकारी निरीक्षण कर देखते रहेंगे। – त्रयंबक तिवारी, मुख्य अभियंता सरयू परियोजना, सिंचाई विभाग । बार–बार बदला नाम, 43 साल में पूरा हुआ काम। बार–बार नाम बदले जाने के बाद सरयू नहर परियोजना आखिर 43 साल बाद शनिवार को साकार हो रही है, जब पीएम नरेंद्र मोदी इसका लोकार्पण करेंगे। मुख्य शाखा के अलावा माइनर व टेल तक पानी पहुंचाने की कवायद करीब 43 साल बाद पूरी हो रही है। जिले भर में 808 किलोमीटर नहर का जाल बिछ चुका है और इससे दो लाख 41 हजार किसानों को सिंचाई का सीधा फायदा मिलेगा। वर्ष 1978 में बहराइच व गोंडा जिले की सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए घाघरा कैनाल नामक परियोजना का शुभारंभ हुआ था। चार साल तक परियोजना पर काम चलता रहा, लेकिन परियोजना पूरी नहीं हुई। लागत बढ़ती गई और काम भी पूरा नहीं हो पाया। वर्ष 1982 में परियोजना का विस्तार करते हुए अन्य जिलों को भी इसमें शामिल कर दिया गया। इसका नाम ट्रांस घाघरा–राप्ती–रोहिणी कर दिया गया। लेकिन, बाद में इसका नाम सरयू नहर परियोजना कर दिया गया। करीब सवा लाख किलोमीटर तक फैली इस परियोजना से कई लाख किसानों को सिंचाई की समस्या से निजात मिलेगी। इस परियोजना का मुख्य भाग गोंडा है। जिले में बहराइच के रास्ते गोंडा में आईं दो मुख्य नहरों से 45 नहरें निकाली जा चुकी हैं। जिले में करीब पांच लाख किसान हैं। यहां के किसान बोरिंग व पंपिंग सेटों से सिंचाई करते रहे हैं। 50 से अधिक राजकीय नलकूप भी सिंचाई करे लिए लगे हैं। लेकिन कभी बिजली की समस्या तो कभी यांत्रिक दोष के कारण किसानों को समय से सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पाती थी। कुल किसानों में से 50 फीसदी किसानों को अब नहर सिंचाई का फायदा मिलेगा। यानी ढाई लाख किसानों को महंगे डीजल की जरूरत नहीं पड़ेगी और कम खर्च में वह समय पर फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। 26 गांवों के 20 हजार किसान अब भी रहेंगे वंचित। अधिशासी अभियंता सिंचाई सतीश कुमार ने बताया कि करनैलगंज के परसा गोड़री के धनई पट्टी में विभागीय खतौनी की भूमि होने के बावजूद तीन किसान परिवारों द्वारा अड़ंगेबाजी के चलते नहर नहीं बन पाई है। जिसके कारण 26 गांवों के 20 हजार किसान नहर से मिलने वाली सिंचाई की सुविधा से वंचित बने रहेंगे। अब पुलिस प्रशासन की मदद से इस विवाद को निपटाने की कवायद चल रही है। किसानों के लिए खुशी का दिन। शनिवार का दिन किसानों के लिए खुशी का दिन है। अधिकारियों की सूझबूझ व मेहनत का परिणाम है कि बीते चार सालों में नहर का निर्माण पूरा हो गया है। गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती सहित अन्य जिलों के किसानों को खेती की सिंचाई करने में अब समस्या होगी। समय–समय पर सिल्ट की सफाई होती रहेगी। नहरों की पटरियों को दुरस्त रखने, गुलाबा को ठीक रखने की जिम्मेदारी अधिकारी निरीक्षण कर देखते रहेंगे।

## बाबा नीब करौरी के जन्मोत्सव पर हनुमत् कृपा ट्रस्ट ने बाँटे कंबल

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ. भक्तों के भगवान बाबा नीब करौरी महाराज के जन्मोत्सव पर शनिवार को हनुमान सेतु मंदिर के सामने हनुमत् कृपा ट्रस्ट के तत्वावधान में सैकड़ों गरीब व बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किये गये. बचपन से ही ननिहाल में गुरुदेव महाराज की सेवा करने व हनुमान सेतु ट्रस्ट के 18 साल सचिव रहे संत ह्रदय डॉ. श्याम लाल कपूर ने जरूरतमंद को पहला कंबल देकर कार्यक्रम का श्रीआरम्भ किया.हनुमत् कृपा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश दीक्षित ने बताया कि मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष अष्टमी को हनुमत् स्वरूप बाबा नीब करौरी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाता है. देशभर में गुरुदेव महाराज द्वारा स्थापित सभी हनुमान मंदिरों – आश्रमों में शनिवार को भक्तजनों द्वारा धूमधाम से प्रकाशोत्सव मनाया गया. श्री दीक्षित ने बताया कि आज सुबह हनुमत् कृपा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने हनुमान सेतु मंदिर में जाकर दर्शन – पूजन किया और जन्मोत्सव पर बाबा नीब करौरी महाराज की मूर्ति पर कंबल चढ़ाया. बाद में, ट्रस्ट के संरक्षक व गुरुदेव महाराज के अनन्य भक्त डॉ. एस. एल. कपूर ने मंदिर के सामने पार्किंग स्थल पर गरीबों को ठंड से बचाव के लिए ट्रस्ट द्वारा आयोजित कंबल वितरण की शुरुआत की. ट्रस्ट से जुड़े सर्वश्री कमलेश बाजपेयी, पं. अनुराग मिश्र, सुदीप बाजपेयी, नीलम दीक्षित, आशीष दीक्षित, प्रदीप



माथुर, वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक शुक्ल, आचार्य आर. एल. पाण्डेय आदि भक्तजनों ने भी बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किये.ट्रस्ट के सचिव अनुराग मिश्र ने बताया कि बाबा जी के जन्मोत्सव पर हनुमत् कृपा ट्रस्ट की ओर से जो कंबल बाँटे गये उनमें ट्रस्ट के सलाहकार उमेश टंडन (गुड़गांव, हरियाणा), कमलेश बाजपेयी व प्रमोद शुक्ल (लखनऊ), सुदीप बाजपेयी व आशीष दीक्षित (बाराबंकी), सुमन सिंह राना (उत्तरकाशी,उत्तराखण्ड) अखिलेश बाजपेई व मुकुंद सिंह आदि का खास योगदान रहा. श्री मिश्र ने बताया कि ट्रस्ट की तरफ से जल्दी ही सैकड़ों गरीबों को खाने के पैकेट भी वितरित किये जाएंगे।

## सहारनपुर : पारिवारिक विवाद में मां–बेटी ने जहर खाकर दी जान

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शनिवार सुबह पारिवारिक विवाद में मां बेटी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार कोतवाली मंडी क्षेत्र के मोहल्ला आली में पारिवारिक विवाद में मां और बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे पहले ही परिजनों ने अस्पताल लेकर पहुंचे कि उनकी मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली मंडी पुलिस मौके पर गई और मामले में एसपी सिटी राजेश कुमार ने भी संज्ञान लिया। एसपी सिटी ने बताया कि गृह कलह में क्षेत्र निवासी इकरा(19) और उसकी मां अनवरी (52) ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने इकरा का शव का पोस्टमार्टम कराया है, जबकि उसकी मां के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# खेलों से बच्चे सीखते अनुशासन–सीडीओ

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)।डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान मकबरा में आयोजित बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में तारुन विजेता और बीकापुर उपविजेता रहा और हैरिंग्टनगंज तृतीय स्थान पर रहा खेल प्रतियोगिता में बच्चों को मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, संयुक्त शिक्षा निदेशक अरविंद पांडे एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय और खंड शिक्षा अधिकारियों ने पुरस्कार प्रदान किए , कार्यक्रम समापन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खेल प्रतियोगिता में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व्यायाम शिक्षकों, शिक्षकों, अनुदेशकों का आभार जताया। खेल प्रतियोगिता का समापन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चे अनुशासन में रहना सीखते हैं और खेलों जीत से ज्यादा उत्साहित और हार से निराश नहीं होना खेलों के माध्यम से हमें मेहनत, अनुशासन और टीम भावना सीखना चाहिए, संयुक्त शिक्षा निदेशक अरविंद पांडे ने कहा खेल के माध्यम से बच्चे जीवन में श्रेष्ठ करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं एडी बेसिक राम सागर त्रिपाठी ने कहा कि बच्चे खेल के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित होते हैं और जीवन के लिए तैयार होते हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष पांडे ने कहा खेल के माध्यम से बच्चों का संपूर्ण विकास होता है और बच्चे जीवन में कठिनाइयों से निपटने की विधा, और संघर्षों से पार पाने की कला सीखते हैं कार्यक्रम का संचालन जिला व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह और सहसंचालन पंकज निषाद ने किया। अंतिम दिन खेल प्रतियोगिता आयोजन में प्राथमिक स्तर दौड़ 50 मीटर में शिवांश तारुन प्रथम ,समीर मिल्कीपुर द्वितीय,दीपांश तारुन तृतीय, 200 मीटर में शिवांश तारुन प्रथम ,प्राथमिक खो–खो बालक वर्ग में हैरिंग्टनगंज विजेता और बीकापुर उपविजेता रहा, लंबी कूद मे रामबाबू सोहावल प्रथम बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में रिया पूरा प्रथम,नेहा मिल्कीपुर द्वितीय, प्रियंका तारुन तृतीय 200 मीटर दौड़ में नंदिनी मिल्कीपुर प्रथम, प्रियंका तारुन द्वितीय ,नेहा मिल्कीपुर तृतीय, प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग खो खो प्रतियोगिता में हैरिंग्टनगंज विजेता और मिल्कीपुर उपविजेता,सुलेख प्रतियोगिता में अदिति नगर क्षेत्र प्रथम, अनुष्का वर्मा द्वितीय, नैंसी मौर्या तृतीय , लंबी कूद में प्रियंका मसौधा प्रथम,नेहा मिल्कीपुर द्वितीय तान्या मिल्कीपुर तृतीय, उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में अश्मित पूरा प्रथम दौड़ 400 में अश्मित पूरा प्रथम देवेश तारुन द्वितीय कबड्डी में मसौधा विजेता और मया उपविजेता रहा लंबी कूद में कर्मवीर मसौधा प्रथम, विशाल मया द्वितीय, शिवम अमानीगंज तृतीय रहे। उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शिवानी हैरिंग्टनगंज प्रथम प्रतिभा तारुन द्वितीय ,अक्षरा हैरिंग्टनगंज तृतीय, अंताक्षरी में अमानीगंज प्रथम मिल्कीपुर द्वितीय बीकापुर तृतीय , कबड्डी में तारुन विजेता और रुदौली उपविजेता रहा, एकांकी में अमानीगंज विजेता और मिल्कीपुर उपविजेता सुलेख ने अर्चना बीकापुर प्रथम हर्ष विश्वकर्मा अमानीगंज द्वितीय वकार अहमद अमानीगंज तृतीय लंबी कूद ममता बीकापुर प्रथम शिवानी हैरिंग्टनगंज द्वितीय पारुल बीकापुर तृतीय, खो खो प्रतियोगिता में हैरिंग्टनगंज विजेता और मिल्कीपुर उपविजेता चैंपियन खेलों से बच्चों को मिलती जीतने की सीख. सीडीओ, डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान में चल रही परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता अमानीगंज ओवरऑल चौंपियन बना और बीकापुर उपविजेता रहा. इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद प्रजापति, घनश्याम वर्मा ,अमित श्रीवास्तव ,संजय गुप्ता ,सियाराम वर्मा, यज्ञ नारायण वर्मा, उदय भान यादव, तारकेश्वर पांडे,प्रमोद कुमार उपाध्याय ,पंकज मिश्रा ,शैलजा मिश्रा,रिचा सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह,प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नील मणि त्रिपाठी,महामंत्री चक्रवर्ती सिंह, प्रा शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह जिला महामंत्री प्रेम कुमार वर्मा ,कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती,जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी महामंत्री चंद्रजीत यादव कोषाध्यक्ष मोहम्मद तारिक पूर्व जिला मंत्री अजीत सिंह, एआरपी संघ के संरक्षक डॉ नीरज शुक्ला, जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, मंत्री अनिल सिंह ,अटेवा के आईटी सेल प्रभारी अभिनव सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष अनुज सिंह,महामंत्री रामजी द्विवेदी,मीडिया प्रभारी अनूप द्विवेदी, पीएसपीएसए के प्रांतीय संयोजक पंकज यादव,महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष मनोरमा साहू महामंत्री रीना गुप्ता कोषाध्यक्ष नीलम मिश्रा,जिला व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह ,धीरज शुक्ला ,योगेश्वर सिंह पंकज द्विवेदी, सरवरे आलम, हरिकिशन अविनाश पांडे, गोपाल श्रीवास्तव , योगेश्वर सिंह, सुशील पांडे शशिधर द्विवेदी सरबजीत सिंह,राकेश सिंह,अजय सिंह,अवधेश सिंह, केपी सिंह,अतुल वर्मा, नीलम मंध्यान अनिल पांडे आदित्य शुक्ला,गौतम तिवारी,दिनेश पांडे,संत शरण सिंह ध्रुव त्रिपाठी आशुतोष पटेल शामिल रहे।

# नौकरियों व उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी को कांग्रेस ने ही दिया आरक्षण – लौटनराम निषाद

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)।कभी सवर्ण समाज के साथ–साथ अति पिछड़ी,दलित व अल्पसंख्यक समुदाय की जातियाँ कोर वोट बैंक हुआ करती थीं।लेकिन सपा,बसपा जैसी जाति आधारित दलों के उदय के बाद धीरे धीरे उसका बेस वोटबैंक छिटकता गया।कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सक्रियता से पिछडों,दलितों व अल्पसंख्यक वर्ग की रुझान कांग्रेस की तरफ बढ़ रही है।राष्ट्रीय निषाद संघ के राष्ट्रीय सचिव व कांग्रेस नेता चौ. लौटनराम निषाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मिशन–2022 में जातिगत सामाजिक समीकरण को साधकर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी।पूर्वांचल में यादव, कुर्मी, निषाद, के साथ साथ बिन्द, कुशवाहा,मौर्या,राजभर,चौहान, विश्वकर्मा, प्रजापति, साहू,जायसवाल को टिकट वितरण में प्राथमिकता दी जाएगी। कांग्रेस सामाजिक, राजनीतिक न्याय की नई विचारधारा के साथ आगे बढ़ेगी।इस मौके पर निषाद ने कहा कि कांग्रेस ने ही अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों को सरकारी नौकरियों और केंद्रीय व उच्च शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थानों में 27 प्रतिशत आरक्षण कोटा दिया।मण्डल कमीशन के तहत ओबीसी को सरकारी सेवाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण का शासनादेश कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार ने ही 10 सितम्बर,1994 को जारी किया। यूपीए–1 की सरकार में मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह जी ने 3 मार्च,2006 को केन्द्रीय व उच्च शिक्षा में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण कोटा की अधिसूचना जारी कराए।सुप्रीम कोर्ट के 10 अप्रैल,2008 के निर्णय के बाद इसे वैधता मिली। निषाद ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ही निषाद मछुआरा समाज के जल आधारित परम्परागत पुश्तैनी पेशों यथा–नौका फेरी,मत्स्य पालन,बालू मोरम खनन को पट्टा पर देने का शासनादेश किया तहस।जिसे नब्बे के दशक की बाद की सरकारों ने सार्वजनिक तौर पर नीलामी का शासनादेश कर दिया।कांग्रेस सरकार बनने पर निषादों का परम्परागत पुश्तैनी पेशा बहाल किया जाएगा।विमुक्त जातियों को महाराष्ट्र पैटर्न पर स्पेशल रिजर्वेशन दिया जाएगा। आगामी 28 या 29 दिसम्बर को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अयोध्या आएंगे।गोशाईगंज नगर स्थित रामबली नेशनल महाविद्यालय प्रांगण में प्रस्तावित ''संविधान बचाओ,लोकतंत्र बचाओ सामाजिक न्याय रैली को सम्बोधित करेंगे।

# सीडीएस जनरल के निधन पर आयोजित हुई शोक सभा

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)देश के सीडीएस जनरल के निधन पर बार एसोसिएशन रुदौली ने शोक सभा का आयोजन कर गहरा दुख प्रकट किया।बार एसोसिएशन रुदौली के अध्यक्ष प्रमोद द्वेदी ने कहा कि देश की अपूरणीय क्षति हुई है।भारतवर्ष के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन सिंह रावत एवं उनकी पत्नी मधुलिका रावत व कई अन्य जांबाज सेना के अधिकारियों जवानों के निधन की खबर से पूरा देश दुखी है देश की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में जनरल विपिन सिंह रावत का महत्वपूर्ण योगदान है।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें।महामंत्री वेद तिवारी ने बताया कि चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के आकस्मिक पर रूदौली बार एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय शोक प्रस्ताव पारित कर शुक्रवार को को 11 बजे तहसील प्रांगण में स्थिति अधिवक्ता सभागार में श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया है।इस शोक सभा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद द्वेदी व महामंत्री वेद तिवारी,विनोद कुमार लोधी,कुलभूषण यादव,अफसर रजा रिजवी,कृष्ण मगन सिंह,साहेब सरन वर्मा,गोरखनाथ तिवारी,गया शंकर कश्यप,रामभोला तिवारी,अयाज अहमद,गोविंद प्रताप सिंह,संतोष कुमार श्रीवास्तव,मो0 फहीम खान,चौधरी अजीमुद्दीन,अली हैदर,रमेश सिंह,अजय यादव,संतोष कुमार पाण्डेय,बालेन्द्र सिंह,इम्तियाज अहमद,बलदेव शर्मा,शकील अहमद,सालिकराम यादव,शाह अदनान,अमरेन्द्र मिश्रा,अजय कुमार,कमरुद्दीन,गुंजित कुमार,रजनीश कश्यप,रियाज अंसारी,दरवेश खान,फजल अजीम आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण महिलाओं को सतावर के खेती का दिया गया प्रशिक्षण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या द्वारा किसानों के आय दुगना किए जाने के संबंध में कृषि क्षेत्र में लगी ग्रामीण महिलाओं को सतावर की आधुनिक खेती एवं पोषक तत्व की जानकारी वैज्ञानिक डॉ स्नेहा सिंह, उद्यान एवं वानिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह , अधिष्ठाता डॉ ओ पी राव एवं डॉ डी राम के कुशल मार्ग निर्देशन में अयोध्या जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों रौनाही, मगलासी, सुहावल ,देमुआघाट आदि ग्रामों की किसान महिलाओं को सतावर की आधुनिक खेती कैसे की जाए की जानकारी दी गई, जिससे किसान अपनी आय को दोगुना कर सकें। वैज्ञानिक डॉ स्नेहा सिंह ने बताया कि सतावर एक महत्वपूर्ण औषधीय पौधा है। सतावर की कंदील जड़े मधुर व रस युक्त होती हैं । इसकी औषधीय गुणवत्ता बुद्धिवर्धक दुग्धवर्धक, बलकारक, मानसिक रोग, अतिसार वात, पित्त विकार दूर करने वाली है। इसकी खेती के लिए बलुई,बलुई दोमट, लाल मिट्टी जिसमें जल निकासी की उचित व्यवस्था हो, उचित होती है । इसकी बुवाई में प्रति हेक्टेयर 2.00 से 2.50 किलोग्राम की बीज की आवश्यकता होती है। इसकी नर्सरी बेड के रूप में, पौधे से पौधे की दूरी 10 सेंटीमीटर रखते हैं। लगभग 1 माह के बाद बीजों का अंकुरण होता है, नर्सरी में मई के अंतिम सप्ताह में बोये गए बीज अंकुरण के पश्चात मध्य जुलाई से अगस्त तक तैयार मुख्य खेत में रोपित किया जाता है । इसमें गोबर की खाद का ही प्रयोग किया जाना लाभकारी है। अच्छी पैदावार के लिए महीने में एक बार निराई गुड़ाई की आवश्यकता होती है। सतावर रोपाई के 24 से 30 माह बाद पौधे की खुदाई सर्वोत्तम है, जो दिसंबर एवं जनवरी माह के मध्य में किया जाना चाहिए।जिससे प्रति हेक्टेयर 60 से 80 कुंतल सुखी शतावर प्राप्त की जा सकती है। इस उत्पाद (सतावर) को बाजार में अच्छे दामों पर औषधीय कंपनियां क्रय कर लेती है। जिससे किसान अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं।

# जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करते है 130 बच्चे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली शिक्षा क्षेत्र के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय भेलसर में 130 बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है।स्कूल के भवन की छत इतनी जर्जर है कि छत का प्लास्टर टूट टूट कर नीचे गिरता रहता है जिससे आये दिन स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे चोटहिल हो जाते है।इस संबंध में स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका इस्मत फातिमा ने बताया कि स्कूल की छत काफी जर्जर है।बरसात के दिनों में पूरी छत पानी से टपक रही थी।सिर छिपाने के साथ साथ बच्चों को बचाना मुश्किल हो रहा है।वही हाल इस समय भी है भवन की छत व छज्जा कब गिर जाए कहना मुश्किल है।अगर स्कूल समय मे कोई छत व छ ज्जा गिरा तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।ग्राम प्रधान मोहम्मद अलीम ने बताया कि स्कूल की छत कई साल से जर्जर है सिर्फ रिपेयर करके काम चलाया जा रहा था अब तो गाड़ी की धमक से छत हिलती है।छत व छज्जे का मसाला इतना घटिया है कि उसे छूने से ही मशाला भरभराकर गिरने लगता है जिससे बच्चों की जान का खतरा बना रहता है।इस सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रूदौली पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रधानाध्यापिका की तरफ से इस मामले में कोई पत्र आता है तो उसकी जांच कराकर विभाग के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

# श्रम कार्यालय में फिर शुरू हुई नेकी की दीवार दर्जनों श्रमिकों को वितरित किए गए कपड़े

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)। सिविल लाइन स्थित खपराडीह कोठी में श्रम आयुक्त कार्यालय में 2019 से उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र के द्वारा शुरू किए गए नेकी की दीवार के तहत जरूरतमंद श्रमिकों को निशुल्क कपड़े का वितरण किया जा रहा था बीच में कोरोना महामारी की वजह से इस कार्य को रोक दिया गया था अब जनपद में स्थिति नियंत्रण में होने पर कड़ाके की ठंड से परेशान श्रमिकों को देखते हुए उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र के द्वारा नेकी की दीवार का आज शुभारंभ किया गया वा दर्जनों श्रमिकों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया निशुल्क गरम कपड़े पाकर सभी श्रमिक बंधु बहुत खुश हुए हैं और उप श्रमायुक्त को धन्यवाद दिया इस मौके पर उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र ने जनपद वासियों से अपील किया है कि सभी के घरों से पुराने निकलने वाले कपड़ों को अगर समय कार्यालय में आकर नेकी की दीवार पर टांग देते हैं तो उन श्रमिकों को कपड़ा मिल जाएगा इस मौके पर सहायक श्रम आयुक्त एके सिंह , श्रम प्रवर्तन अधिकारी यादवेंद्र सिंह ,सहयोगी गण में विनय कटियार वरिष्ठ सहायक, सिराज हुसैन के अलावा अन्य श्रम विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर रक्तदान कर अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)। शुक्रवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में विश्वविद्यालय के भूतपूर्व महामंत्री स्व. विनोद त्रिपाठी व स्व. गौरव सिंह 14 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित तीन दिवसीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन रक्तदान शिविर में सियाराम चौरिटेबल ट्रस्ट के संचालक अध्यक्ष रामानुज सिंह रामा के संग जनपद गोंडा से आए महेश निषाद सहित कई लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर स्व. विनोद त्रिपाठी व स्व. गौरव सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की है। रक्तदान शिविर का उदघाटन सहकारी बैंक के चौयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फ टिल्लू किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी भैरव सिंह एवम किसान मोर्चा के महामंत्री वरुण चौधरी ने किया। शिविर के शुभारंभ के पश्चात कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने बताया कि रक्तदान महादान होता है क्योंकि रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद की मदद कर उसकी जीवन को बचाया जा सकता है, इससे बड़ा पुनीत कार्य और क्या हो सकता है, उन्होंने सियाराम चौरिटेबल ट्रस्ट की इस आयोजन को सराहा और उन्हें प्रोत्साहित किया वहीं दूसरी ओर सियाराम चौरिटेबल ट्रस्ट के संचालक अध्यक्ष रामानुज सिंह रामा ने बताया कि स्व. विनोद त्रिपाठी व स्व. गौरव सिंह की स्मृति में विगत 13 वर्षों से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता रहा है और इस बार 14 वीं पुण्यतिथि पर तीन दिवसीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत दो दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसके बाद अंतिम दिन कल 11 दिसंबर को रायपुर मेला वाला बाग मंदिर परिसर में विशाल कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सैकड़ों की संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरण के संग ही नौ एवं दस दिसंबर को रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

# जनपद में भगवान परशुराम की पहली प्रतिमा हवन पूजन के साथ कुड़ौली में स्थापित

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)। जनपद अयोध्या में कई ब्राह्मण संगठन सक्रिय हैं। आए दिन ब्राह्मण कार्यक्रमों में भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने की बात तो होती है लेकिन नहीं हो पाई। कुड़ौली निवासी करुणाकर पांडे, रत्नाकर पांडे, अरुणाकर पांडे बंधुओं ने भगवान परशुराम की 6 फुट की ऊंची मूर्ति की स्थापना गांव के बाहर स्थापित करवा ब्राम्हण संगठनों को सोचने पर मजबूर कर दिया। अयोध्या छोटी छावनी के महंत व तीर्थ अयोध्या के ट्रस्ट महात्मा नृत्य गोपाल दास जी के उत्तराधिकारी कमल नयन दास महाराज सहित क्षेत्रीय विधायक चाणक्य परिषद के नेता व भाजपा के नेताओं के साथ इस अवसर पर भारी संख्या में हिंदुत्व वादियों का जमावड़ा रहा। ईश्वर महिमा के साथ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर उनको याद किया गया। चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी ने समाज की भलाई के लिए शुभ संकेत बताया।गायक हरिओम तिवारी व रत्नेश द्विवेदी ने गीत संगीत से उपस्थित लोगों का खूब समा बांधा। इस दौरान सैकड़ों लाभार्थियों को साड़ी व कंबल भी वितरित किया गया। संबोधित करने वालों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, दिनेश कांत पांडे दुर्गा प्रसाद तिवारी शामिल रहे। मौजूद लोगों में अखिलेश मिश्र, दुर्गेश मिश्र, सरोज जैसवाल, अरुण तिवारी, बंटी तिवारी, कप्तान तिवारी गुरु मौर्या, समरजीत पाण्डेय, किसान यूनियन नेता नकुल पाण्डेय आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनपदीय स्काउट गाइड रैली का भव्य शुभारंभ : अलग–अलग कुल 64 टीमें कर रही हैं प्रतिभाग

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)। जनपदीय स्काउट गाइड रैली स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार से शुरू हो गई। तीन दिवसीय रैली का समापन 12 दिसंबर को दोपहर बाद होगा। जिसमे रैली के विजेता सभी संवर्ग की टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। विजेता टीमें मंडल की रैली में प्रतिभाग करेंगी। रैली में स्काउट गाइड संवर्ग की 64 टीमें प्रतिभाग कर रही है। रैली के उद्घाटन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनीता यादव ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह को संबोधित कर औपचारिक रूप से जनपदीय स्काउट गाइड रैली के उद्घाटन की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बच्चों को वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट सहित मॉक पोल के विषय में जानकारी दी। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की भी अपील की। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि स्काउटिंग से सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा के नेतृत्व की क्षमता स्काउट गाइड के क्रियाकलापों से मिलती है। विभिन्न तहसीलों की प्रतिभागिता पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा स्काउटिंग डाइटिंग की गतिविधियां इस बात का प्रतीक है कि समाज में सामाजिकता अभी भी बची हुई है। इसके पूर्व अतिथियों को जिला मुख्यायुक्त डॉ राम सुरेश मिश्र, रैली संयोजक डॉ नील कांत वर्मा, संरक्षक डॉ वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला आयुक्त देवी प्रसाद वर्मा, जिला आयुक्त गाइड मधुबाला कनौजिया, बेदी शुभ कार्य सेवा समिति के पदाधिकारी विजय मेहता, कैलाश कपूर, निधि महेंद्रा, ललित रंजन भटनागर, अनूप मल्होत्रा, सौम्या गुप्ता ने माल्यार्पण से स्वागत किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड वंदना पांडेय ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ वागेल पहनाकर खेल पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के संरक्षक डॉ मणिशंकर तिवारी जबकि धन्यवाद मुख्य आयुक्त डॉ राम सुरेश मिश्र ने किया। समारोह का संचालन रैली संचालक जिला संगठन आयुक्त स्काउट विवेकानंद पाण्डेय ने किया। इसके पूर्व रैली का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। इस दौरान कानोसा कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, बापू बालिका इंटर कॉलेज, साहब्दीन सीताराम इंटर कॉलेज की गाइड की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उद्घाटन अवसर पर राज्य पुरस्कार प्राप्त रोवर्स को भी सम्मानित किया गया। रैली संयोजक डॉ नीलकंठ वर्मा ने बताया कि रैली में प्रतिभाग कर रही थी में शहर के मनोहर लाल इंटर कॉलेज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजकीय इंटर कॉलेज मिशन मेथाडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज में रुकी हुई है।

# जिला गन्ना अधिकारी ने किया गन्ना क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)। क्षेत्र के प्रमुख गन्ना क्रय केंद्र पिलखांवा अ , पिलखांवा ब , व दिगम्बरपुर सेन्टर का औचक निरीक्षण जिला गन्ना अधिकारी ए. पी. सिंह ने किया । मौके पर उपस्थित रौजागांव चीनी मिल के गन्ना निरीक्षक विनय सिंह व कांटा बाबू को निर्देशित करते हुए कहा कि गन्ना तौल सूर्योदय से शुरू होकर सूर्यास्त से पहले गन्ना खरीद पूरी कर ली जाय जिससे किसानों को ठंड से परेशानी न हो तथा गन्ना क्रय केंद्र पर हरदम मिल का ट्राला मौजूद रहे जिससे ट्राला के इंतजार में किसानों को घंटों इंतजार न करना पड़े तथा वैरायटी के हिसाब से गन्ने की तौल की जाय । प्रधान प्रतिनिधि पिरखौली कप्तान तिवारी ने गन्ना अधिकारियों से मांग की है कि अत्यंत धीमी गति से आ रही पर्चियों को देने की रफ्तार बढ़ाई जाय । जिससे गन्ना बेचकर गेहूं की बुआई करने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो । कप्तान तिवारी ने रौजागांव चीनी मिल व सहकारी गन्ना समिति फैजाबाद के अधिकारियों से मांग की है कि बड़ागाँव व पिरखौली गांव का इंडेन्ट बढ़ाया जाय।

# वासुदेव घाट स्थित घर में सिलेंडर से लगी आग में जलकर सब कुछ हुआ खत्म दीपिका सिंह परिवार की मदद के लिए आई सामने

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)। वासुदेव घाट स्थित प्रमोद शास्त्री के मकान में रहने वाले गोविंद कुशवाहा अपनी पत्नी और दो बच्चे के साथ फुलकी का ठेला लगाकर घर का भरण पोषण करते थे बीती रात कल 8 बजे घर में पत्नी के द्वारा गैस पर खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई जिससे घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया कोई भी मदद के लिए इस परिवार के लिए सामने नहीं आया वही जब इसकी सूचना दीपिका सिंह दीदी विश्व रामराज महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिली तो वह अपने राष्ट्रीय महासचिव आशीष मौर्य साथ गोविंद के आवास पहुंची और परिवार को गरम शॉल, कंबल, कपड़े नगद धनराशि परिवार के सदस्यों को भेंट करते हुए आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया, इस नेक कार्य को देखकर वहां मौजूद लोगों ने दीपिका सिंह दीदी विश्व रामराज महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद दिया है।

# प्रभारी मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर इलेक्ट्रिक बसों को किया रवाना : जानें किराया और कौन से होंगे रूट

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत हो गई है। नगर विकास मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री आशुतोष टंडन द्वारा शनिवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से हरी झंडी दिखाकर बसें रवाना की गईं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर भी मौजूद रहे। बसों का संचालन नौ दिसंबर से ही होना था। बुधवार को विमान हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत के निधन की वजह से शुभारंभ नहीं हो सका था। मिर्जामुराद बस सर्विस स्टेशन में आईं 25 इलेक्ट्रानिक बसों में 24 बसों का संचालन शुरू हो गया। वहीं स्टेशन पर खड़ी एक इलेक्ट्रिक बस ई–चार्जिंग के लिए लगी रही। स्टेशन में निर्धारित 13 ई–चार्ज प्वॉइंट में से 10 ने काम करना शुरू कर दिया है। बाकी पर काम किया जा रहा है। काशीवासी अब अत्याधुनिक वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस का सफर कर सकेंगे।



24 बसों का संचालन। शहर में कुल 25 इलेक्ट्रिक बसें पहुंच चुकी हैं। इसमें पहले 24 बसों को चलाया जा रहा है। प्रत्येक बस के लिए दो चालकों को नियुक्त किया गया है। 24 बसों के परिचालन के लिए 48 चालकों की नियुक्ति कर की गई। इन्हें बस के संचालन के लिए अभ्यास भी कराया गया है। सभी बसें हुई पंजीकृत। शहर में पहले आई 11 बसों का वाराणसी और लखनऊ से आई 14 बसों का लखनऊ में ही पंजीकरण कराकर वाराणसी भेजा गया। जिसके साथ ही इनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए। इन तीन रूटों का किया गया निर्धारण। पहले रूट में मिर्जामुराद वाया कैंट से होते हुए बाबतुपर तक चलेगी, दूसरे रूट में बस मिर्जामुराद से वाया जंसा होते हुए कैंट पहुंचेगी, यहां से राजघाट और फिर दोबारा कैंट आकर लंका जाएगी। तीसरे रूट में बस मिर्जामुराद से कैंट वाया अखरी डीएलडब्ल्यू होते हुए मुनारी (सारनाथ) तक संचालित होगी। रात में सभी बसें मिर्जामुराद टर्मिनेट कर दी जाएंगी।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।